प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में नई दिल्ली में भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का किया औपचारिक उद्‌घाटन : कहा– ग्लोबल साउथ को सशक्त बनाने के लिए सभी के लिए सुलभ हो एआई प्रौद्योगिकी।
2. विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधानसभा में सिंचाई, कृषि समेत अन्य विभागों की अनुदान मागों पर हुई चर्चा : विधान परिषद में किसानों के मुद्दे पर सपा ने किया सदन से वॉक आउट।
3. आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर भव्य आयोजन : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल हांगे शामिल। और
4. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्राफी सेमीफाइनल मुकाबला ड्रा : खेल के आखिरी दिन 827 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी उत्तराखंड की टीम ने 6 विकेट खोकर बनाए 260 रन।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवाचार को बढ़ावा देने, समावेशिता को मजबूत करने और मानवीय मूल्यों को समाहित करते हुए एआई भविष्य के निर्माण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। बाइट.....

*एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटीरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रेटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। बाइट.....

*इस समिट का भारत में होना, भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है। दुनिया के कोनेदृकोने से यहां आए महानुभाव, इसकी सफलता को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। इसमें यंग जनरेशन की जो उपस्थिति हमने देखी है, वो एक नया विश्वास पैदा करती है।*

प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने नई दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में

एआई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चचा होना भारत की इसको लेकर गंभीरता को दर्शाता है। बाइट......

*ग्लोबल साबुत की बात करिए या और किसी क्षेत्र की बात करिए एआई। आज ऐसा माध्यम देश और दुनिया में विकल्प के तौर पर तैयार हुआ है जिसको लोग अपनाकर अपने आप को आगे बढ़ा सकते हैं और प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में दिल्ली के अंदर एआई के महत्वपूर्ण इश्यू पर कॉन्फ्रेंस होना, चर्चा होना। यह भारत की गंभीरता है। प्रधानमंत्री जी की सजगता है कि उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश के अंदर कॉन्फ्रेंस करके इस एआई की महत्ता को बढ़ाया और उम्मीद करते हैं कि हमारा देश और दुनिया इस एआई का लाभ लेकर अपने हितों को अपने कार्यों को आगे बढ़ने का काम करें।*

———————————

विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधानसभा में बजट पर सामान्य चर्चा के साथ ही चार विभागों की अनुदान मांगों पर भी चर्चा की गई। इनमें उद्योग, सिंचाई, कृषि और नगर विकास विभाग शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने आयुष और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यों परभारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट भी सदन में पेश की। वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सत्र का संचालन कुशलतापूर्वक हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट......

*नहीं, बहुत कुशलतापूर्वक इस सत्र का संचालन हो रहा है और बजट सत्र है। बजट सत्र में तमाम महत्वपूर्ण विषय आते हैं। महामहिम राज्यपाल*

*जी के अभिभाषण पर भी चर्चा, बजट पर चर्चा, विभागी बजटों को प्रस्तुत करने का काम है और विभागीय बजट प्रस्तुत करने के पीछे उद्देश्य यही रहता है कि प्रदेश का सभी विभागों के माध्यम से सर्वांगीण विकास हो और हमारी सरकार विकास के लिए समर्पित है। सबके साथ के लिए समर्पित है और हम 25 करोड़ प्रदेश वासियों के लिए काम करते हैं।*

विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और सदन से वॉक आउट किया।

इस पर जवाब देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रतापशाही ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार प्रयास कर रही ह कि किसानों को खाद, बीज, पानी की पर्याप्त सुविधा मिले जिससे उनकी लागत में कमी आये। वहीं सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने वाराणसी में गंगा नदी में चल रहे सरकारी व प्राइवेट क्रूजों की संख्या और उनके संचालन से जुड़ा सवाल उठाया। जवाब में प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वाराणसी में 05 सरकारी और 02 निजी क्रूज संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनके संचालन से वाराणसी में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। बाइट.....

*जहां 2017 तक मात्र 5,94,355 भारतीय और 33,34,860 प्रोडक्ट आपके वहां आते थे बनारस में। आज की तारीख में 17 करोड़ 27 लाख 52,631 पैसा आज बनारस में आके न सिर्फ वहां की धार्मिक आस्था का लाभ ले रहे हैं, न सिर्फ वह पुण्य कमा रहे हैं बल्कि आपकी इकोनॉमी को बनारस की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम हुआ है।*

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं हैं। 28 फरवरी तक चलने वाले परीक्षाएं दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही हैं। परिषद के सचिव शिव लाल ने बताया कि परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 241 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। नकल विहीन परीक्षा संचालन के लिए सीसीटीवी, वॉयस रिकॉर्डर और डीवीआर युक्त विद्यालयों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से सभी केन्द्रों की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। पत्र में प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को दोनों

प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित करने की जानकारी दी गई है। प्राधिकरण के सीईओ आर.के. सिंह ने बताया कि जापान सिटी के लिए ग्रेटर नोएडा के सेक्टर–5 ए में 500 एकड क्षेत्र प्रस्तावित है। वहीं सिंगापुर सिटी के लिए ग्रेटर नोएडा सेक्टर–7 में 500 एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। इन सेक्टरों का विकास इंजीनियरिंग, प्रोक्योर मेंट और कंस्ट्रक्शन– ईपीसी मोड पर किए जाने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही एक अन्य कम्पनी को अत्याधुनिक हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 5 एकड़ भूमि का आवंटन कर दिया गया। 400 करोड़ रुपए के निवेश वाले इस डेटा सेंटर की क्षमता लगभग 7000 सर्वर रैक की होगी।

————————

आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर आगरा किले में शिव जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार के सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से हो रहे इस आयोजन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हो रहे हैं। उत्सव में मुख्य आकर्षण शिवाजी महाराज पर आधारित लेजर शो होगा। इसके साथ ही उनके जीवन पर आधारित नाटिका और गौरवशाली गीतों की प्रस्तुति होगी।

———————————

मथुरा के विश्व प्रसिद्ध होली उत्सव में शामिल होने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में लोग मथुरा पहुंचते हैं। इसको देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने ब्रज क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारियाँ की हैं। मथुरा परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने बताया कि रंगोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक सुगमता से पहुँचाने के लिए परिवहन निगम 170 बसों का संचालन करेगा। बाइट......

*इस पर्व के अवसर पर हमने अपनी रोडवेज से 170 बसें लगाई हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की एसी और वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें भी हमने लगाई हुई है। हम 125 बसें निगम की मथुरा से बरसाना चलाएंगे। 10 बसें हम कोसी से बरसाना चलाएंगे और 5 बसें हम छाता से बरसाना चलाएंगे और 30 बसें हम वृंदावन से बरसाना चलाएंगे।*

———————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबला ड्रा हो गया है। मैच के आखिरी दिन आज 827 रनों के लक्ष्य को हासिल करने उतरी उत्तराखंड की टीम 6 विकेट पर 260 रन ही बना पाई, जिसके बाद मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। पहली पारी में बढ़त के आधार पर कर्नाटक को टीम रणजी मुकाबाले के फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका मुकाबला जम्मू कश्मीर से होगा। फाइनल मैच 24 फरवरी से खेला जाएगा।

(समाप्त)